जननायक चन्द्रशेखर विश्वविद्यालय, बलिया
Jananayak Chandrashekhar University, Ballia

पत्रांक–जे0एन0सी0यू0 / सा0प्र0 / 678 / 2022 दिनांकः 21 मार्च, 2022

सेवा में,

01. निदेशक शैक्षणिक,विश्वविद्यालय परिसर,
02. प्राचार्य / प्राचार्या,
    समस्त सम्बद्ध महाविद्यालय,
    जननायक चन्द्रशेखर विश्वविद्यालय,
    बलिया।

विषयः–उत्तर प्रदेश के युवाओं के तकनीकी सशक्तीकरण हेतु टेबलेट / स्मार्टफोन वितरण योजना के द्वितीय फेज में केवल स्नातक अन्तिम वर्ष के छात्रों का डीजीशक्ति पोर्टल पर मेरिट अनुसार चयन करने के सम्बन्ध में।

महोदय / महोदया,

उच्च शिक्षा अनुभाग–1 उ0प्र0 शासन के पत्र संख्या–1786 / सत्तर–1–2021, दिनांकः 28 अक्टूबर, 2021 के साथ संलग्न उपर्युक्त विषयक औद्योगिक विकास अनुभाग–1, शासनादेश संख्याः 1600 / सत्तर–1–2021, दिनांकः 30 सितम्बर, 2021 के पत्र के अनुसार टेबलेट / स्मार्टफोन वितरण योजना लागू है।

इसी क्रम में यूपीडेस्को के साथ जिला प्रशासन की बैठक के पश्चात दिये गये निर्देशानुसार द्वितीय फेज में जिले को जो डिवाइसें प्राप्त हुई हैं, उनका वितरण किया जाना है।

अतः समस्त सम्बद्ध महाविद्यालय अपने डीजीशक्ति पोर्टल पर अपलोडेड स्नातक अन्तिम वर्ष के छात्र / छात्राओं का उनके मेरिट अनुसार वितरण हेतु चयन दिनांकः 24 मार्च, 2022 तक सुनिश्चित करें।

वितरण हेतु महाविद्यालय द्वारा चयनित छात्र / छात्राओं की सूची की हार्ड कापी (डीजीशक्ति पोर्टल की) दो प्रति में प्राचार्य / प्राचार्या द्वारा प्रमाणित करके विश्वविद्यालय / नोडल अधिकारी को उक्त तिथि तक अवश्य जमा कराना सुनिश्चित करें, जिससे तत्क्रम में जिला प्रशासन द्वारा अग्रेतर कार्यवाही सुनिश्चित की जा सके।

डा0 (सुजीत कुमार वर्मा)
नोडल अधिकारी

(एस0एल0 पाल)
कुलसचिव

प्रतिलिपिःनिम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित–

01. माननीय कुलपति महोदया।
02. जनसम्पर्क अधिकारी, जननायक चन्द्रशेखर विश्वविद्यालय, बलिया।
03. प्रभारी वेबसाइट को विश्वविद्यालय की वेबसाइट एवं महाविद्यालय के लागिन पर अपलोड करने हेतु।

कुलसचिव